गुलाब चन्द कटारिया
राज्यपाल, असम

राज भवन, गुवाहाटी
पिन-781 001

सत्यमेव जयते

15 अगस्त, 2023

संदेश

भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, मैं असम सहित समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। वर्ष 1947 में आज ही के दिन आधी रात को हमें आजादी मिली थी। वह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान का परिणाम था। उनके त्याग एवं बलिदान के कारण ही हम सब देशवासी आज़ाद भारत में शान से रह रहे हैं। आज हमें अपने पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को एक बार फिर स्मरण करने का सौभाग्य मिला है।

यह गर्व की बात है कि हमारा देश अपनी आजादी के 75 साल पार कर चुका है। हम 12 मार्च 2021 से आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह 77वां स्वतंत्रता दिवस आजादी का अमृत काल की शुरुआत के लिए हमारे अमृत महोत्सव के समापन का प्रतीक है

आइए, हम स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर, पंच प्राणों के संकल्पों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करते हुए आजादी के शताब्दी वर्ष यानी 2047 त0क भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएं।

आज इस महान अवसर पर, आइए हम सभी राष्ट्र और इसके लोगों की सेवा के लिए खुद को फिर से समर्पित करें। इस अवसर पर मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और कई अन्य लोगों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं, जिनके प्रेरक नेतृत्व से हमें आजादी मिली। मैं असम के शहीदों और सेनानियों को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनके हम सदैव आभारी रहेंगे।

मैं एक बार फिर आप सभी को 77वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देता हूं और आपके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुन्दर भविष्य की कामना करता हूँ।

जय हिंद !

गुलाब चन्द कटारिया
राज्यपाल, असम

फोन : (0361) 2540500 (ऑफिस); फैक्स : (0361) 2731832 ; ई-मेल : rajbhavan-assam@gov.in